पुर्तगाल की राजकीय यात्रा के दौरान भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का प्रेस के सामने वक्तव्य

लिस्बन, 7 अप्रैल, 2025

मुझे पुर्तगाल के महामहिम राष्ट्रपति के निमंत्रण पर पुर्तगाल आकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मुझे और मेरे प्रतिनिधिमंडल को दिए गए आदर-सत्कार तथा आतिथ्य के लिए मैं राष्ट्रपति रेबेलो डिसूज़ा और पुर्तगाल गणराज्य की सरकार एवं लोगों का धन्यवाद देती हूँ। मेरी यात्रा उस वर्ष हो रही है, जब हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर, मुझे 2020 में हुई राष्ट्रपति रेबेलो डिसूज़ा की भारत यात्रा का ध्यान आ रहा है। उनकी यात्रा ने हमारी द्विपक्षीय साझेदारी के विस्तार की दिशा निर्धारित की।

देवियो और सज्जनो,

भारत-पुर्तगाल संबंध ऐतिहासिक हैं। ये संबंध लगातार मजबूत होते रहे हैं और अब ये एक आधुनिक, बहुआयामी और गतिशील partnership के रूप में विकसित हो गए हैं।

लगातार उच्च-स्तरीय यात्राओं से इन संबंधों को मजबूती मिली है और बढ़ती वाणिज्यिक सहभागिता से भी इन्हें सहयोग मिला है। हमारा रिश्ता आपसी विश्वास, समझ और मुख्य हितों के मुद्दों पर एक-दूसरे के समर्थन पर आधारित है।

आज सुबह राष्ट्रपति रेबेलो डिसूज़ा के साथ मेरी रचनात्मक और सार्थक बैठक हुई, जिसमें हमारे द्विपक्षीय संबंधों के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं और साझा हितों के

वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। हमने, विशेष रूप से व्यापार और निवेश, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, IT और digital प्रौद्योगिकी, renewable energy, connectivity और mobility में अपने दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने, और लोगों के पारस्परिक संपर्क को और बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

हम United Nations और अन्य बहुपक्षीय मंचों में अपने समन्वय और सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए।

हमारे राजनयिक संबंधों की पुनःस्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पुर्तगाल के राष्ट्रपति महोदय के साथ संयुक्त रूप से विशेष postal stamp जारी करते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हुई।

इस यात्रा के दौरान, मैं प्रधानमंत्री Montenegro और संसद के महामहिम अध्यक्ष से भी भेंट करूंगी, और Lisbon City Council की 'Key Handing Over' ceremony में भी सम्मिलित हूंगी। पुर्तगाल स्थित हमारे भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने को भी मैं उत्सुक हूँ।

मैं एक बार फिर राष्ट्रपति रेबेलो डिसूज़ा को उनके शानदार आतिथ्य के लिए धन्यवाद देती हूं, तथा पुर्तगाल गणराज्य के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

धन्यवाद।

****